दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO-
UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 338 मुरादाबाद, 09 April 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

KNLS लाइव
KTUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में



# रामकृष्ण मठ पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी, बोले- देश ने अगले 25 साल को अमृत काल बनाने की ठानी




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज तेलंगाना को कई परियोजनाओं की सौगात दी। पीएम तेलंगाना में सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। उन्होंने सिकंदराबाद से तिरुपति के मार्ग पर चलने वाली वंदे भारत को भी रवाना किया। पीएम ने इसके बाद तेलंगाना की जनता को भी संबोधित किया और सीएम केसीआर पर जबरदस्त निशाना भी साधा। श्री रामकृष्ण मठ की 125वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में श्री रामकृष्ण मठ की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लिया। इस मौके पर राज्य के राज्यपाल आर. एन. रवि भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा, रामकृष्ण मठ का मैं बहुत सम्मान करता हूं। इस मठ ने मेरे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रामकृष्ण मठ चेन्नई में 125वीं वर्षगांठ मना रहा है। ये मुझे खुशी का एक और कारण देता है। मैं तमिल भाषा, संस्कृति और चेन्नई के माहौल से प्यार करता हूं।उन्होंने कहा, आज मुझे विवेकानंद हाउस जाने का मौका मिला। कन्याकुमारी में प्रसिद्ध शिला पर ध्यान करते हुए, स्वामी जी ने अपने जीवन के उद्देश्य की खोज की। मैं प्रेरित और ऊर्जावान महसूस कर रहा हूं। मैं यह देख कर खुश हूं कि प्राचीन विचार नई पीढ़ी तक पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, देश भर के लोगों के पास हजारों वर्षों से एक राष्ट्र के रूप में भारत की स्पष्ट अवधारणा थी। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना है। यह वही भावना है जिसके साथ रामकृष्ण मठ काम करता है। मोदी ने कहा, देश ने अगले 25 साल को अमृत काल बनाने की ठान ली है। इस अमृत काल का उपयोग पांच विचारों - पंच प्राणों को आत्मसात करके महान चीजों को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। जो हैं- विकसित भारत बनाना, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाना, अपनी विरासत का जश्न मनाना, एकता को मजबूत करना और अपने विचारों पर ध्यान केंद्रित करना।पीएम मोदी ने किया रोड़ शो- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में रोड़ शो किया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। नई टर्मिनल भवन का उद्घाटन पीएम मोदी ने चेन्नई हवाईअड्डे पर नई टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। चेन्नई पहुंचे पीएम मोदी, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत हैदराबाद में कार्यक्रमों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी चेन्नई पहुंचे, जहां राज्यपाल आरएन रवि, सीएम एमके स्टालिन, मंत्रियों, सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया।चेन्नई हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, चेन्नई के इतिहास में आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। चेन्नई भारत की क्षमता को दर्शाता है। चेन्नई एयरपोर्ट की क्षमता आज 50 फीसदी बढ़ जाएगी। यह राज्य को न केवल दक्षिण भारत बल्कि पूरे भारत के लिए प्रवेश द्वार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।पीएम मोदी ने कहा, हमने देशभर में डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था बढ़ाई है लेकिन ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ? इस लिए नहीं हुआ क्योंकि परिवारवादी ताकतें व्यवस्था पर... सिस्टम पर अपना कंट्रोल छोड़ना नहीं चाहती थीं। किस लाभार्थी को क्या लाभ मिले, कितना मिले ये नियंत्रण ये परिवारवादी अपने पास ही रखना चाहते थे। पीएम ने कहा, इनके तीन मतलब सच थे। पहला इनके ही परिवार की जय-जयकार हो, दूसरा करप्शन का पैसा इनके पास आता रहे और तीसरा जो पैसे गरीब के लिए भेजे जाते थे वह पैसे इनके भ्रष्ट ईको सिस्टम के अंदर बांटने में काम आ जाए। ये तिलमिलाए हुए हैं, बौखलाहट में कुछ भी किए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ऐसे कई राजनीतिक दल कोर्ट पहुंच कि हमें सुरक्षा दो कि हमारे भ्रष्टाचार की किताबें कोई खोले नहीं, कोर्ट ने वहां भी उन्हें झटका दे दियाप्रधानमंत्री ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर और उनकी राजनीति पर हमला करते हुए कहा, कुछ मुट्ठीभर लोग विकास कार्यों से भौखलाए हुए हैं, ऐसे लोग जो परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को पोषित करते रहे उन्हें काम करने वाले लोगों से परेशानी हो रही है। इन्हें देश, समाज के भले से कोई लेनादेना नहीं है। इन्हें सिर्फ अपने कुबे को फलता-फूलता देखना पसंद है। तेलंगाना को ऐसे लोगों से सतर्क रहना ज़रूरी है। पीएम ने आगे कहा, तेलंगाना के विकास को लेकर... तेलंगाना के लोगों के विकास को लेकर जो सपना आपने देखा था उसको पूरा करना केंद्र की ND सरकार अपना कर्तव्य समझती है। हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मॉडल को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। बीते 9 वर्षों के दौरान हैदराबाद में करीब 70 किलोमीटर का मेट्रो नेटवर्क बनाया गया है। हैदराबाद के मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (MMTS) प्रोजेक्ट पर भी तेजी से काम हुआ है। MMTS का तेजी से विस्तार हो इसके लिए इस वर्ष के केंद्रीय बजट में तेलंगाना के लिए 600 करोड़ रुपये रखे गए हैं। पीएम मोदी ने तेलंगाना में 11 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद यहां जनता को भी संबोधित किया। पीएम ने कहा, महान क्रांतिकारियों की धरती... तेलंगाना को मेरा शत-शत प्रणाम। आज मुझे तेलंगाना के विकास को और गति देने का पुन्ः सौभाग्य मिला है। आज यहां शुरू की गई वंदे भारत एक्सप्रेस आस्था, आधुनिकता, टेक्नोलॉजी और टूरिज़्म को कनेक्ट करने वाली है। तेलंगाना: प्रधानमंत्री पीएम मोदी हैदराबाद पहुंचे हैं जहां वे 11,360 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में AIIMS बीबीनगर का शिलान्यास किया। PM ने पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और अन्य विकास परियोजनाओं की आधार शिला भी रखी। तेलंगाना- प्रधानमंत्री पीएम मोदी हैदराबाद पहुंचे हैं जहां वे 11,360 करोड़ रुपए की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में AIIMS बीबीनगर का शिलान्यास किया। PM ने पांच राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं, सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और अन्य विकास परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी।

## प्रदर्शन करने वाले बिजलीकर्मियों से ऊर्जा मंत्री बोले, सरकार आपकी हर बात मान ले यह संभव नहीं है



उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि बिजली कर्मियों और अभियंताओं के एकतरफा दबाव बनाने पर उनकी हर बात को सरकार मान ले यह संभव नहीं है। बिजली कर्मियों की हर समस्या का निस्तारण होगा मगर संगठन और सरकार के आमने-सामने बैठने के बाद। ऊर्जा मंत्री शनिवार को विद्युत मजदूर पंचायत के 24 वें अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। गन्ना संस्थान में आयोजित अधिवेशन में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हड़ताल के संबंध में एक कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी जांच कर रही है कि किसने हड़ताल की और उससे कितना नुकसान हुआ है जिन्होंने हड़ताल नहीं की और वेतन रोका गया साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है तो उनके साथ न्याय होगा। ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि यह संभव नहीं है कि बिजलीकर्मियों की हर बात मान ली जाए। उनकी हर समस्या का समाधान होगा पर सरकार और संगठन के आमने-सामने बैठने के बाद।ऊर्जा मंत्री ने कहा कर्मचारी उनके परिवार का अंग है और हम सबको एकजुट होकर जनता की सेवा करने की जरूरत है। हम समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। बिजली बंद होने से सांसे रुक जाती है। यह जानकर भी हड़ताल के दौरान बिजली कर्मियों और अभियंताओं ने आपूर्ति में अवरोध उत्पन्न करने के लिए कई हथकंडे अपनाए। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अधिवेशन को प्रांतीय महासचिव गिरीश कुमार पांडे सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बोले, विपक्षी दलों की छवि धूमिल करना षड्यंत्र, इसकी जांच हो



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि विपक्षी दलों की छवि धूमिल करने की साजिश एक लोकतांत्रिक षड्यंत्र है। इसकी गहन जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों की छवि धूमिल करने के लिए सत्ताधारियों द्वारा पोषित वेबसाइटों, फेसबुक पेजों व अन्य सोशल मीडिया को पैसे देकर प्रचार करना, लोकतांत्रिक षड्यंत्र है। किसानों को नहीं मिल रहा एमएसपी का लाभ- इसके पहले सपा अध्यक्ष ने कहा कि हर तरफ से शिकायतें आ रही हैं कि भाजपा सरकार में अधिकांश गेहूं की खरीद प्राइवेट कंपनियां कर रही हैं। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है।

बिचौलिए औने-पौने दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं। सरकार पूरी खरीद भी नहीं कर रही है। भाजपा ने जता दिया है कि वह किसानों की शोषक और पूंजी घरानों की पोषक है। किसान को उपज का मूल्य और लागत तक नहीं मिल रही है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में अन्नदाता किसान सबसे ज्यादा मुसीबत में है। भाजपा सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है। कृषि की बढ़ी लागत ने किसानों की आय आधी कर दी है। भाजपा सरकार किसानों के लिए काल बन गई है। उधर, अखिलेश यादव ने संस्कृत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष शंकर सुहैल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

## पेप्सिको प्लांट का उद्घाटन: सीएम योगी बोले- UPमें कानून का राज, अपराधियों की पैंट गीली होते देख रही जनता



सीएम ने कहा कि आम समाज को जागरूक करने में प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका होती है। आज यूपी और गोरखपुर विकास व सुशासन के जिस नए कीर्तिमान को स्थापित कर रहा है, उसमें प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका है। इसी का परिणाम है कि देश में यूपी और गोरखपुर की छवि बदली है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरक्षनगरी में अंतरराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको के फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पेप्सिको का प्लांट लगने से 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा, इसके अलावा कइयों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। गोरखपुर में इतने प्लांट लग रहे हैं कि अब युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध कम हो गए हैं। यहां पुलिस का राज चल रहा है, वहीं कानून के डर से अपराधियों की पैंट गीली हो जा रही है। उन्होंने कहा कि एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्युमेबल गुड्स) का बड़े प्लांट लगने से रोजगार के साथ ही छोटी आपूर्तिकर्ता कंपनियों, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर का विस्तार होगा। कंपनी गोरखपुर के अलावा प्रयागराज, अमेठी और चित्रकूट में भी प्लांट लगाएगी।पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज ने गीडा में करीब 1100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू किया है। इस निवेश के धरातल पर आने से 1500 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलेगा। गीडा की तरफ से औद्योगिक गलियारे में इसके लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है।

### छह वर्षों में बदल गई गोरखपुर की छवि

सीएम ने कहा कि आम समाज को जागरूक करने में प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका होती है। आज यूपी और गोरखपुर विकास व सुशासन के जिस नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है, उसमें प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका है। इसी का परिणाम है कि देश में यूपी और गोरखपुर की छवि बदली है। योगी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा हमेशा आगे बढ़ाती है। इसी का परिणाम है कि सुशासन व बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए निवेश, पर्यटन, आर्थिक समेत सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश ने खुद को स्थापित किया है। गोरखपुर इसका उदाहरण है। गोरखपुर पहले उपेक्षित था। कानून व्यवस्था, यहां की छवि, बिजली, सड़कें, संपर्क माध्यम की सुविधा ठीक नहीं थी। कोई निवेश नहीं करना चाहता था। गोरखपुर के नाम से लोगों में भय होता था, लेकिन पिछले छह वर्षों में गोरखपुर की छवि बदल गई है। अब गोरखपुर का नाम लेने से सम्मान का भाव प्रदर्शित होता है। इसे बरकरार रखने और अभिवृद्धि करने का दायित्व हर नागरिक पर है।

# संपादकीय Editorial

## Supreme Review of Article 19

Ever since the Constitution of India was framed and implemented, the freedom of expression and free media under Article 19 have been discussed, in one context or the other. Media is completely free in India, so democracy is alive. But 'reasonable restrictions' have been imposed on it. The reason has been cited as a violation of national security or sensitive policies. The government does not explain 'reasonable restrictions', so Article 19 has been proving to be dwarf and ineffective. The Constitution has also not laid down such standards on the basis of which the reasonableness of the restrictions can be tested. The courts have also not given a precise interpretation, as a result of which attacks on journalists continue and the fundamental right to freedom of media starts proving redundant. In such a gloomy and uncertain environment, the Supreme Court has given a clear interpretation of Article 19 and made an important effort to protect the media. The case was of Malayalam news channel.

The Ministry of Information and Broadcasting, Government of India, had rejected the renewal of the license of the channel. A serious allegation of breach of national security was leveled at the channel. In the case of 'Madhyamik Broadcasting Limited vs. Government of India', the apex court intervened and enunciated the guarantee of media freedom under Article 19. The Supreme Court also established a minimum standard through this decision, on the basis of which the judiciary can pronounce its decisions. This decision became an example regarding the fundamental right to freedom of the media. The existence of the channel 'Media One' was in question and the allegations were made of national security, so the channel first challenged this ban in the Kerala High Court. How national security was breached was not publicly clarified by the Government of India, as the Ministry of Information and Broadcasting's reply was kept in a sealed cover. In such a situation, the argument of confidentiality is also given and the appellant cannot defend himself openly, as a result the High Court also accepted that the possibilities and scope of judicial review in the context of national security are also limited. After that the matter came to the Supreme Court. The judicial bench headed by Chief Justice Justice Chandrachud ruled in favor of 'Media One' on procedural and concrete grounds.The most important aspect was that the judicial bench also laid down the standard of 'reasonable restriction' and ordered that 'sealed cover' would not be used even in the context of national security. It goes against the spirit of a flat field game. The government will now have to defend the four-point standard of equality. Rights cannot be reversed in a deliberate and arbitrary manner. Government of India's decision against 'Media One' violates the standards of equality. The 'Intelligence Bureau' argued that 'Media One' was anti-establishment, as it criticized the military and the judiciary. The Supreme Court opened the sealed cover and the basis of the government's decision became public. The judicial bench rejected these grounds and arguments. The apex court was of the view that the Government of India had taken the rule of 'reasonable restriction' in a 'cavalier manner' and banned a TV channel. This is a grossly wrong and arbitrary interpretation of Article 19. Even in the context of national security, such restrictions cannot be imposed on the media. The court also observed that there are several governments in the country, which are using 'reasonable restrictions' to clamp down on journalism as journalists question the 'narratives' of the governments. This decision of the Supreme Court in favor of the constitutional right of the media is not only important but can be considered historical.

# Jahnavi Kapoor dazzles in curvy figure, fans lose heart on latest pictures



Bollywood actress Janhvi Kapoor is quite popular among the youth, and social media is one of the reasons for this. Along with his performance, people also like his looks and dressing sense. Jhanvi, who started her acting career with the film 'Dhadak', has made a good number of fan followings in these five years. The actress shared bold pictures from the photoshoot – Apart from acting, Jhanvi Kapoor loves to beautify herself. She often shares photoshoot pictures on her social media profiles. Along with this, she also shares videos of some advertisements in which she has acted. Recently, Jhnai shared some pictures of another photoshoot, in which her beauty is worth seeing. These pictures are from the Style Award Show held in Mumbai, in which many stars including Disha Patani, Kiara Advani, Malaika Arora attended. Jahnavi's fever of boldness- By posing in different styles, Jahnavi has shared a photo causing havoc in Thai high yellow slit gown. Fans are forced to take a look at this captivating photo. To complement her look with a purple crop top, Jahnavi has done subtle makeup, and has left her hair open. In the photoshoot, Jahnavi is seen posing amazingly in front of the camera. She is wearing earrings and high heels in the name of Xserz. Jhanvi Kapoor Workfront- Talk about the upcoming projects of the actress, then Boney Kapoor's elder daughter has 'Mr. and Mrs. Mahi' and 'Bade Miyan Chote Miyan 2'. Both the films are likely to release this year. Apart from these two films, there is also talk of Jhanvi being in 'Bawal' and 'NTR 30'.

# Nayantara turned red-yellow in anger when a fan made a video, the actress threatened to break the phone



Actress Nayantara, popularly known as Lady Superstar in the South Indian film industry, often remains in headlines for her acting as well as her personal life. While on one hand she is enjoying her personal life, on the other hand she is busy preparing for her upcoming film 'Jawaan'. While spending time with her husband, Nayanthara makes sure that it does not affect her professional life at all. But the reason why Nayantara is in headlines today is because of her recent altercation with one of her fans. Nayanthara, who often showers love on her fans, recently got very angry over the act of a fan. After losing her temper in anger, Nayantara has threatened him to break even his phone and for this reason Nayantara's name is in the limelight today. In fact, Nayanthara and Vignesh Shivan had recently arrived near Kumbakonam to visit the Kamakshi Amman temple. However, the darshan didn't go the way it was planned and went awry. As soon as Nayanthara and Vignesh Shivan arrived at the temple premises for a darshan, a huge number of fans turned up to catch a glimpse of the lady superstar. The crowd had gathered there. The police also reportedly struggled to control the situation. After completing the puja, when both were going to another temple, then there was an argument between Nayantara and one of her fans. He was greeted by fans at the railway station. After this, the actress lost her temper and threatened to break the phone of a fan who was trying to make a video of her. This angry avatar of Nayanthara is leaving fans shocked. Even on social media, users are unable to understand why and how the actress got so angry. Why was she not allowing anyone to make her video. Only and only Nayantara knows what is the reason behind this. But social media users are speculating that she does not want to reveal her look from her upcoming film 'Jawaan'. That's why she reacted in this way. Talking about Nayanthara's work front, the actress was last seen in 'Connect'. This horror drama film was directed by Ashwin Saravanan. Whereas Nayantara is currently working in the Hindi film 'Jawaan'. Shahrukh Khan is going to be seen with him in this film. Nayanthara is going to step into Bollywood with this action packed film directed by Atlee. Apart from the two, 'Jawaan' also stars Vijay Sethupathi and Priyamani in key roles. 'Jawan' is scheduled to release in theaters by the end of this year.

# Users made fun of Bhumi for wearing a black shiny dress, said - has she come wearing polythene

Bollywood actress Bhumi Pednekar dominates social media. She often shares pictures on her social media account Instagram. She remains in headlines for her looks. These days the actress remains in discussion about her dressing sense. Recently the actress was seen at an award function in Mumbai. During that time, the actress wore a black color dress, in which she was looking very glamorous. Bhumi is looking very fabulous – The actress styled this black dress in a very fabulous way. However, the actress is getting trolled a lot on social media for her look. This video of Bhumi from the award function is becoming quite viral on social media, in which she is seen posing in different ways. The actress wore golden long earrings to complete her look. Along with this, a bun has been made of his hair. If seen, the actress is looking fabulous in this look, but some people are not liking her style. Users made fun of Bhumi - On social media, users are constantly making fun of the actress. One user wrote – I did not like even a single dress of this, it seems that the award will be given for useless dressing. Another user commented - It doesn't understand the dress of any function. Another user wrote – Has she come wearing polythene. Similar comments are being seen continuously on social media. Bhumi was trolled even in a cultural event – people are not liking Bhumi's dressing for a long time. Even in the cultural center of Nita Mukesh Ambani in the past, Bhumi was badly trolled for her look. During that time she wore a silver long dress, which was styled quite differently. However, people did not like his style at all. Bhumi was seen in the film crowd - Bhumi was recently seen in the film crowd. Actors like Rajkumar Rao, Pankaj, Kapoor and Diya Mirza were seen along with the actress in the film. Although the film has not received any special response from the audience. At the same time, it is being told that Bhumi may soon be seen opposite Nawazuddin Siddiqui.



# हिंदी का बढ़ता वर्चस्व विश्व पटल पर भारत का भव्य विस्तार



मुरादाबाद-सरकारी अधिकारी के फर्ज के साथ लेखनी को जिंदगी में अहमियत देने वाले प्रसिद्ध गजलकार अनुराग मिश्र गैर की गजल संग्रह खेत के पांव को प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, प्रखर वक्ता एवं साहित्यकार आशुतोष राणा ने सराहा है। गजलकार अनुराग ने गुरुवार को बातचीत में बताया कि वेब सीरीज गैंगस्टर के सेट पर फिल्म अभिनेता से भेंट में साहित्य की विधा को और मजबूती मिली है। अमरोहा के जिला आबकारी अधिकारी और प्रसिद्ध गजलकार अनुराग मिश्र गैर की गजल संग्रह खेत के पांव को फिल्म अभिनेता प्रखर वक्ता आशुतोष राणा ने वेब सीरिज गैंगस्टर की शूटिंग के दौरान मुलाकात में पढ़ा। आशुतोष राणा न सिर्फ मंझे और सफल अभिनेता व प्रखर वक्ता हैं बल्कि साहित्य की विधा में उन्हें मध्यप्रदेश हिंदी साहित्य अकादमी, महाराष्ट्र हिंदी साहित्य अकादमी सहित देश के बड़े साहित्यिक सम्मान भी प्राप्त हैं। वेब सीरीज गैंगस्टर के सेट पर जिला आबकारी अधिकारी अनुराग ने डॉ.यतीन्द्र कटारिया की उपस्थिति में उनसे मुलाकात की तो साहित्य की चर्चा स्वाभाविक थी। उन्होंने यतींद्र और अनुराग से फिजी में हुए विश्व हिंदी साहित्य सम्मेलन सहित अन्य कई विधाओं पर बात की। अनुराग मिश्र गैर ने बताया कि उनकी किताब खेत के पांव की गजलों को गुनगुनाते हुए आशुतोष राणा ने कहा कि विश्व पटल पर हिंदी का बढ़ता वर्चस्व भारत का भव्य विस्तार है। आम आदमी का दर्द और भाव जब साहित्य में अपनेपन का एहसास दे तो समझा जाए कि साहित्य समाज का प्रतिबिंब प्रस्तुत कर रहा है। आशुतोष ने विश्व हिंदी साहित्य सम्मेलन में सहभागिता न कर पाने का अफसोस जताया। इस मुलाकात के सहयोगी बने फिल्म अभिनेता लोकेश तिलकधारी के प्रति अनुराग ने आभार जताया।

### गैर के पास गजल व किताबों का भंडार

उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के रहने वाले अनुराग की गजलें आकाशवाणी लखनऊ और साधना चैनल पर प्रकाशित होने के अलावा कई समाचार पत्रों, पत्रिकाओं सरिता, गृहशोभा, वनिता, गगनांचल, मेरी सहेली में स्थान पा चुकी हैं। उन्हें देश प्रदेश की 40 संस्थाओं से मानद उपाधि और सम्मान पा चुके हैं। उन्हें काव्य संकलन तृष्णा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान लखनऊ द्वारा 2017-18 में डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन पुरस्कार मिल चुका है।

### यह हैं सहयोगी काव्य संकलन

गैर ने बताया कि उनकी सहयोगी काव्य रचनाओं का संकलन स्वर सर्जना, छिटक रही चांदनी, शब्द सूर्य व एक मुस्कान का अर्चन साहित्यायन, कैसे कहूं व नुपूर आदि हैं। इसके अलावा गगन स्वर पत्रिका गाजियाबाद के जून-जुलाई 2014 के अंक 35 में कवि विशेष के तौर पर परिशिष्ट प्रकाशित हुई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विश्व की 75 फीसदी आबादी का नेतृत्व कर रहा भारत का युवा-डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- भारत विश्व का सबसे युवा देश है। वह विश्व की 75 फीसदी आबादी का नेतृत्व कर रहा है। यह बातें विधान परिषद सदस्य डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के क्रम में दिल्ली रोड स्थित एक होटल में वाई चौपाल में कही। इस चौपाल के माध्यम से लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं से संवाद करते हुए मुख्य अतिथि डा. जयपाल सिंह ने कहा कि सामाजिक आर्थिक विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी होनी चाहिए। चौपाल की अध्यक्षता परिवर्तन एनजीओ के कपिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अभिषेक चौबे, महामंत्री अभिषेक राठौर, शुभ, जतिन मिश्रा, शिवांग चतुर्वेदी, विकास ठाकुर, अमन गुप्ता, दीक्षांत चौधरी, अभिषेक ठाकुर सहित युवा मोर्चा के अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता व युवा मतदाता उपस्थित रहे।

## युवक की मौत मामले में पिता समेत तीन पर आत्महत्या को उकसाने की रिपोर्ट

मुरादाबाद-छजलैट थाना क्षेत्र निवासी युवक की मौत के मामले में उसके पिता समेत तीन के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने यह रिपोर्ट मृतक युवक की मां की तहरीर और कोर्ट के आदेश पर की है। थाना छजलैट के गांव पचोकरा खानपुर निवासी अंकित ने 10 फरवरी को जहर खा लिया था। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में अंकित की मां कौशल देवी की तहरीर पर पुलिस ने अंकित के पिता सूखा सिंह, अर्जुन और गांव निवासी अंकित के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज की है। तहरीर के मुताबिक पति सूखा सिंह अपनी जमीन को खुर्दबुर्द कर रहा था। इकलौता बेटा अंकित इसका विरोध करता था। इसके बावजूद सूखा ने अपने ममेरे भाई के बेटे अर्जुन के नाम 35 बीघा जमीन कर दी थी। अंकित नौ फरवरी को चांदपुर गांव में शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां अर्जुन, सूखा सिंह और अंकित ने उसके साथ मारपीट की। आरोपियों के उत्पीड़न से परेशान होकर अंकित ने जहर खाकर जान दे दी थी। महिला के अनुसार थाने में शिकायत करने पर सुनवाई नहीं हुई। जिसके बाद कोर्ट में अर्जी लगाई। थाना छजलैट एसओ दीपक कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश से आरोपी सूखा सिंह, अर्जुन और अंकित के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## विद्यालय में कापी, पेंसिल, रबर, कटर आदि सामान वितरित

निशाकांत शर्मा -दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-ग्राम पंचायत नगला गलू के प्राथमिक विद्यालय नगलागलू में नामांकित समस्त छात्र छात्राओं को दिनांक 08-04-2023 दिन शनिवार को श्रीमान ग्रीश चन्द्र यादव डीपीआरओ मथुरा निवासी नगला गलू एटा के सौजन्य से श्रीमान गगन यादव ने विद्यालय में कापी, पेंसिल,रबर,कटर आदि सामान वितरित किया। भविष्य में दुबारा छात्रों को इसी तरह आवश्यक सामग्री का दान करने का वादा किया। विद्यालय परिवार उनका आभार व्यक्त करते हुए उनकी भूरिभूरि प्रशंसा करता है

## युवती को प्रेमी ने ठुकराया तो मायके वालों ने भी नहीं स्वीकारा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- एक गांव की युवती ने शादीशुदा युवक पर शादी का झांसा देकर पांच साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शनिवार को थाने में आरोपी की शिकायत के बाद पीड़िता युवक के घर पहुंची तो उसके परिजनों ने उसे भगा दिया। मायके वालों ने भी उसे घर में नहीं आने दिया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि गांव के ही युवक सबून ने उसको अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोप है कि धोखाधड़ी कर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में पांच साल तक वह डरा धमका कर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। विरोध करने पर आरोपी ने उससे कहा कि उसकी पहली पत्नी से बच्चे नहीं हो रहे हैं। वह उससे दूसरी शादी कर लेगा। लेकिन अब आरोपी शादी से इनकार कर दिया। थाने में शिकायत के बाद पीड़िता युवक के घर पहुंची तो उनके परिजनों ने उसे भगा दिया। यहां से वह मायके गई तो वहां से भी उसके परिजनों ने उसे नहीं आने दिया। फिलहाल देर शाम युवती थाने में थी। इस संबंध में एसएचओ सुनील कुमार ने बताया कि एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जांच की जा रही है। इसके बाद आरोपी पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कोविड के बढ़ते केसों को देखते हुए जारी हुआ अलर्ट, प्रोटोकॉल का करें सख्ती से अनुपालन -डा. उमेश कुमार त्रिपाठी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-कोरोना के बढ़ते केसों को देखते हुए एक बार फिर से अलर्ट जारी करते हुए कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करने के लिए कडे निर्देश दिये गये है ! अपर मुख्य सचिव और चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक ने पत्र जारी कर कोरोना से बचाव को लेकर सावधानी बरतने पर जोर दिया है ! उक्त सन्दर्भ में सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि कोविड-19 की फैलने की आशंका व देश में कोविड के वायरस संस्करण केसों के मद्देनजर उत्तर प्रदेश में कोविड प्रोटोकोल 卐दो गज की दूरी मास्क है जरूरी卐 का पालन करना अतयंत आवश्यक हो गया है । सीएमओ ने जनता जनार्दन को आव्हान किया है कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें और हैंड सेनेटाइजर का प्रयोग अवश्य करें। सर्दी, खांसी, बुखार जैसे लक्षण दिखते ही जांच अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि स्वशासी मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल व जिले की सभी सीएचसी एवं समस्त शहरी पीएचसी, रेलवे स्टेशन, रोडवेज स्टेन्ड पर कोविड सैम्पलिंग की सुविधा उपलब्ध है। जनपद में कोविड-सर्विसलांस सुदृढ़ीकरण करने के लिये ट्रेस टेस्ट, ट्रीट नीति का पालन करते हुये कोविड के संभावित रोगियों की सैम्पलिंग बढ़ाने एवं कोविड संक्रमितों के उपचार के लिए आरआरटी टीमों को सक्रिय कर दिया गया है। जिन लोगों ने अभी तक कोविड वैक्सीनेसन नहीं करवाया है। वह वैक्सीनेशन करवा लें तथा बूस्टर ( सतर्कता ) डोज अवश्य लगवायें। सीएमओ ने कहा कि टूरिस्ट प्लेस आगरा के निकट एटा एक पिछडा प्लेस है, इसलिऐ यहां आने वाले समस्त लोगों को कोरोना से बचने के लिऐ स्वंय ही सैम्पलिंग करायी जावे तो बेहतर रहेगा ! सैम्पलिंग बूथों पर निरन्तर कोविड सैम्पलिंग कराई जा रही हैं ।शत्-प्रतिशत कोविड सैंपल लेने के लिये टीमों को निर्देशित किया गया है। सीएमओ ने कहा कि आयुष विधा के अन्तर्गत आयुष काढ़ा सहित अन्य कोविड दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं।

# विधायक का हुआ सारस्वत सम्मान



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली । कवि गोष्ठी आयोजन समिति के तत्वावधान में कैंट विधायक संजीव अग्रवाल का जन्मदिन उनके सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर केक काटकर मनाया गया। संस्था के सचिव गीतकार उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट, प्रख्यात कवि रोहित राकेश एवं भाजपा के महानगर मंत्री अमरीश कठेरिया ने उत्तरीय, पुष्प माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सारस्वत सम्मान करते हुए उनको शुभकामनाएँ दीं। संस्था के सचिव उपमेंद्र सक्सेना एडवोकेट ने कहा कि बरेली कैंट के लोकप्रिय विधायक संजीव अग्रवाल साहित्यानुरागी हैं जो साहित्यकारों एवं जनता के बीच सहजता से उपलब्ध रहकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका यथाशीघ्र अपने स्तर से समाधान कराते हैं और ईमानदारी के साथ क्षेत्रवासियों के प्रति समर्पित भाव से सेवा कार्यों में आगे रहते हैं आज उनके जन्मदिन पर हम सब उन्हें सम्मानित करते हुए गौरवान्वित हैं। कवि रोहित राकेश ने कहा कि क्षेत्रवासियों एवं हम सबके लिए अत्यंत गौरव की बात है कि हमें एक सहज एवं सरल व्यक्तित्व के स्वामी विधायक के रूप में मिले हैं हम उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन की कामना करते हैं।

# वार्ड नंबर 25 इस्लामनगर की हालत बद से बदतर बनी हुई



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-वार्ड नंबर 25 इस्लामनगर की हालत बद से बदतर बनी हुई है काफी शिकायतें करने के बाद भी नगर पालिका एटा ने कोई संज्ञान नहीं लिया है 6 माह से अधिक होने जा रहे हैं इस्लाम नगर की गली में 22 मीटर टुकड़े में जलभराव की समस्या लगातार बनी हुई है। काफी शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई इस्लाम नगर के निवासी नर्क जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं

सडे और गंदे पानी में होकर छोटे-छोटे बच्चे स्कूल जाने के लिए मजबूर हैं। वहीं कुछ चंद दूरी पर मस्जिद बनी हुई है जोकि मस्जिद को जाने को लेकर एक मेन रास्ता है जिस पर निरंतर गंदगी और जलभराव की समस्या बनी हुई है रमजान का माह चल रहा है लोग पानी में होकर नमाज पढ़ने जाने के लिए मजबूर है। मस्जिद के पास एक नाली है जिसमें बीच सड़क पर वहां नाली पर चैनल पड़ा हुआ है वह भी टूटा पड़ा हुआ है लोगों को वहां से भी निकलने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## कैंट से बसपा के विधायक प्रत्याशी रहे अनिल कुमार कुनबे समेत हुए साइकिल पर सवार



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली - आदर्श नगर पंचायत रिठौरा के मोहल्ला नयी बस्ती के एडवोकेट अनिल कुमार विधानसभा चुनाव में कैंट सीट से बसपा के प्रत्याशी रहे, उन्होंने कुनबे समेत शुक्रवार को बसपा की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देकर साइकिल पर सवार हो गए। उन्होंने पूरे कुनबे समेत समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। ज्ञात रहे नगर पंचायत रिठौरा में आजादी के बाद पहली वार चेयरमैन पद के लिए अनुसूचित जाति महिला सीट होने से नगर में चुनावी समीकरण बदल चुके हैं।नगर पंचायत रिठौरा में समाजवादी का जनाधार लगातार बढ़ रहा है।जिसको लेकर दलित प्रत्याशी अब बड़ी -बड़ई पार्टियों से टिकट पाने को गोटियां बिछा रहे हैं। वहीं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार दीपक कुमार ने भी अपने कुनबे समेत हाथी छोड़ साइकिल की सवारी कर ली है। इससे समाजवादी पार्टी में अब मजबूत चेयरमैन टिकट के दावेदार हो गये हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी से निवर्तमान सभासद नीरज कुमारी ने टिकट के लिए आवेदन कर दिया है। हालांकि नगर में लगभग डेढ़ दर्जन प्रत्याशी चेयरमैनी का चुनाव लड़ने को आतुर हैं।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

